दिन– सोमवार दिनांक– 31 / 03 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधि– 15 मिनट

---

01. बिहार विधानसभा चुनाव के लिए एनडीए के घटक दल साझा चुनावी अभियान चलायेंगे।

02. प्रदेश में प्रधानमंत्री आवास योजना, ग्रामीण के तहत जारी सर्वेक्षण के तहत अब तक पंचानवे हजार से अधिक भूमिहीन परिवारों को चिन्हित किया गया।

03. ईद–उल–फित्र का त्योहार आज देशभर में धार्मिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है।

04. और, जहानाबाद में संपन्न छियालीसवीं नेशनल जूनियर बालक हैंडबॉल प्रतियोगिता में बिहार की टीम उपविजेता बनी।

---

बिहार विधानसभा चुनाव के लिए एनडीए के घटक दल साझा चुनावी अभियान चलायेंगे। भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री अमित शाह के साथ एन डी ए के सभी पांच घटक दलों के नेताओं की पटना में हुई बैठक में इस पर सहमति बनी। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा कि बैठक में समन्वय बनाकर चुनाव की तैयारियों में जुट जाने को लेकर सभी दलों ने प्रतिबद्धता जताई। इस दौरान दो सौ पच्चीस सीटों पर जीत हासिल करने के लिए रणनीति पर विचार–विमर्श किया गया।

———बाइट———

लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास के अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा कि बैठक में मुख्य रूप से अगामी बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर रणनीति पर चर्चा हुई।

———बाइट———

हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा, सेक्युलर के अध्यक्ष और राज्य सरकार के मंत्री संतोष कुमार सुमन ने कहा कि बैठक के दौरान बिहार के विकास, एनडीए गठबंधन की मजबूती और एकजुटता पर चर्चा हुई।

———बाइट———

इधर, हमारे संवाददाता ने बताया कि गोपालगंज में आयोजित सभा में भाजपा नेता और केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने बिहार विधानसभा चुनाव का शंखनाद किया।

———रिपोर्ट———

भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बिहार के अपने दो दिवसीय दौरे में गोपालगंज में जनसभा को संबोधित करने के साथ आगामी विधान सभा चुनाव का बिगुल फूंक दिया। श्री शाह ने एनडीए के मुख्य विरोधी दल राष्ट्रीय जनता दल और पार्टी प्रमुख लालू प्रसाद पर तीखे हमले किये।

———बाइट——अमित शाह——

श्री शाह ने कहा कि भाजपा और एनडीए की सरकार बनती है तो सभी बंद पडे चीनी मिलों को चालू किया जायेगा और बिहार में बाढ की समस्या का भी स्थायी समाधान होगा।

———बाइट——अमित शाह——

इससे पहले उन्होंने पटना के बापू सभागार में सहकारिता सम्मेलन का उदघाटन किया। उन्होंने आठ सौ करोड़ से अधिक की विभिन्न योजनाओं, कार्यक्रम और पहल का उदघाटन तथा शिलान्यास किया। धर्मेन्द्र कुमार राय, आकाशवाणी समाचार पटना।

---

प्रदेश में प्रधानमंत्री आवास योजना, ग्रामीण के तहत पंचानवे हजार से अधिक भूमिहीन परिवारों को चिन्हित किया गया है। इनमें सबसे अधिक आठ हजार पांच सौ परिवार गया जिले के हैं। सबसे कम चार सौ परिवार शेखपुरा जिले में चिन्हित किये गये हैं। राज्य में योजना के पात्र लाभुकों के चयन के लिए सर्वेक्षण का काम चल रहा है। सर्वेक्षण की अंतिम तिथि बढ़ाकर तीस अप्रैल कर दी गयी है।

---

प्रदेश के सरकारी विद्यालयों के दो हजार एक सौ इक्यावन पुरुष शिक्षकों का ऐच्छिक तबादला किया गया है। इन शिक्षकों की पत्नियां भी सरकारी विद्यालयों में ही शिक्षक हैं। इस तबादले से ये सभी पुरुष शिक्षक अपनी पत्नी के पदस्थापन वाले जिले में स्थानांतरित हो गए हैं। इन शिक्षकों को स्कूल का आवंटन दस से तीस अप्रैल के बीच होगा।

---

राज्य सरकार ने बेल्ट्रॉन के माध्यम से संविदा पर कार्यरत महिला कर्मचारियों को प्रत्येक महीने दो दिन का विशेष अवकाश देने का फैसला किया है। जारी आदेश के अनुसार यह विशेष अवकाश प्रत्येक पंचांग वर्ष में अनुमान्य आकस्मिक अवकाश के अतिरिक्त होगा।

---

पूर्व मध्य रेलवे दो सौ मिलियन टन माल ढुलाई वाले क्लब में शामिल हो गया है। महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने बताया कि वित्तीय वर्ष दो हजार चौबीस–पच्चीस के दौरान पूर्व मध्य रेलवे ने यह उपलब्धि हासिल की है। साथ ही इस वित्तीय वर्ष में पूर्व मध्य रेलवे ने तीस हजार करोड़ रूपये का प्रारंभिक राजस्व भी प्राप्त किया है।

---

ईद–उल–फित्र का त्योहार आज देशभर में धार्मिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। ईद को रमजान के महीने की समाप्ति का प्रतीक भी माना जाता है। अकीदतमंद ईदगाहों और मस्जिदों में ईद की नमाज अदा कर रहे हैं। राजधानी पटना के गांधी मैदान और शाही ईदगाह गुलजारबाग में ईद की नमाज अदा की गयी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गांधी मैदान में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत की। श्री कुमार ने राज्यवासियों को ईद की बधाई और शुभकामनाएं दीं। इधर, ईद को लेकर प्रदेशभर में उत्सव का माहौल है। लोग एक दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद देने के साथ ही सलामती की दुआ कर रहे हैं।

इस अवसर पर राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अपने संदेश में कहा है कि यह त्योहार प्रेम और भाईचारे का संदेश देता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संदेश में प्रार्थना की है कि यह पर्व करुणा, एकजुटता और शांति की भावना में और बढ़ोतरी करे। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा, विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव, विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह तथा विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव समेत अन्य गणमान्य लोगों ने ईद की बधाई दी है।

इधर, ईद को लेकर प्रदेश में सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गये हैं। सभी जिलों में पुलिस को अलर्ट रहने के निर्देश दिए गए हैं। पटना, नालंदा, गया, नवादा और भागलपुर समेत एक दर्जन से अधिक जिलों में अतिरिक्त पुलिस बलों की तैनाती की गयी है। इसके अलावा संवदेनशील स्थानों पर केन्द्रीय बलों को प्रतिनियुक्त किया गया है।

---

चैत नवरात्र के दूसरे दिन आज देवी दुर्गा के ब्रह्मचारिणी स्वरूप की पूजा–अर्चना की जा रही है। मान्यता है कि माँ के इस स्वरूप की पूजा–अर्चना से सौभाग्य, आरोग्य और अभय की प्राप्ति होती। हमारे संवाददाताओं ने बताया है कि विभिन्न मंदिरों और शक्तिपीठों में सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड़ रही है।

---

जहानाबाद में संपन्न छियालीसवीं नेशनल जूनियर बालक हैंडबॉल प्रतियोगिता में बिहार की टीम उपविजेता बनी है। फाइनल मैच में पंजाब ने बिहार को कड़े मुकाबले में तीस–अट्ठाईस के अंतर से पराजित किया। दिल्ली और जम्मू कश्मीर की टीम संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रही।

---

पछुआ हवा का प्रभाव कम होने से प्रदेश के तापमान में एक से तीन डिग्री सेल्सियस तक की कमी दर्ज की गयी है। मौसम विभाग के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान सैंतीस दशमलव दो डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ गोपालगंज, खगड़िया और गया प्रदेश के सबसे गर्म स्थान रहे। वहीं, राजधानी पटना का अधिकतम तापमान भी घटकर पैंतीस डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना के अनुसार अगले तीन दिन के दौरान अधिकांश स्थानों पर अधिकतम और न्यूनतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस की क्रमिक बढ़ोतरी की संभावना है।

———बाइट———

---

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री शमायले नबी का कल पटना में निधन हो गया। वे तिरासी वर्ष के थे। पूर्व मंत्री के निधन पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश कुमार समेत विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने गहरा दुख जताया है।

---

जाने–माने लोक नर्तक और नृत्य गुरू विश्वबंधु का कल नई दिल्ली में निधन हो गया। वे नब्बे वर्ष के थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार उनका अंतिम संस्कार दिल्ली में ही संपन्न होगा। विश्वबंधु संगीत नाटक अकादमी के टैगोर सम्मान और बिहार सरकार के लाईफटाइम एचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित थे।

---

आरा के एक आभूषण शो–रूम में पिछले दिनों हुई लूट के मामले में पुलिस ने दस अपराधियों को गिरफ्तार किया है। भोजपुर के पुलिस अधीक्षक राज ने बताया कि ये गिरफ्तारियां दिल्ली, छत्तीसगढ़ और जम्मू से हुई हैं। उन्होंने बताया कि इनके पास से सोने के चार बिस्किट समेत पांच सौ ग्यारह ग्राम जेवरात और हथियार बरामद किये गये हैं। गिरफ्तार अपराधियों में एक अररिया का और नौ वैशाली जिले के रहने वाले हैं। इस मामले में अबतक पंद्रह आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है।

---

खगड़िया जिले के चौथम थाना क्षेत्र के बंगलिया गांव के वार्ड संख्या सात स्थित एक घर में आग लग जाने से दो बच्चों की मौत हो गई।

---

मुंगेर जिले के बरियारपुर थाना क्षेत्र स्थित सोती पुल पड़िया गांव में एक आरोपी को गिरफ्तार करने पहुंची पुलिस टीम पर स्थानीय लोगों ने हमला कर दिया। इस हमले में दो महिला सिपाही सहित चार पुलिसकर्मी घायल हो गए। इस मामले में पुलिस ने मामला दर्ज कर दस आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

---

अखबारों की सुर्खियां...

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री अमित शाह के बिहार आगमन से जुड़ी खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान लिखता है – लालू ने बिहार को बदनाम किया – शाह।

प्रभात खबर ने लिखा है – गृह मंत्री अमित शाह ने गोपालगंज के पुलिस लाइन मैदान से किया बिहार विधानसभा, दो हजार पच्चीस चुनाव का शंखनाद।

दैनिक जागरण ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हवाले से लिखा है –भारतीय संस्कृति का अक्षय वट है आरएसएस।

दैनिक भास्कर ने अपनी विशेष रिपोर्ट में लिखा है – बिहार के कोर्ट में सत्रह लाख नब्बे हजार केस, लंबित पटना में एक मामला उनचास साल से चल रहा है।

राष्ट्रीय सहारा के शब्द हैं – कामाख्या एक्सप्रेस बे–पटरी एक की मौत।

आज अखबार की सुर्खी है –दो हजार एक सौ इक्यावन पुरुष शिक्षकों का अंतर जिला तबादला।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. बिहार विधानसभा चुनाव के लिए एनडीए के घटक दल साझा चुनावी अभियान चलायेंगे।

02. प्रदेश में प्रधानमंत्री आवास योजना, ग्रामीण के तहत जारी सर्वेक्षण के तहत अब तक पंचानवे हजार से अधिक भूमिहीन परिवारों को चिन्हित किया गया।

03. ईद–उल–फित्र का त्योहार आज देशभर में धार्मिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है।

04. और, जहानाबाद में संपन्न छियालीसवीं नेशनल जूनियर बालक हैंडबॉल प्रतियोगिता में बिहार की टीम उपविजेता बनी।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।